# केन्द्रीय विद्यालय क्रं . 2 आर्मापुर कानपुर



## अभ्यास परीक्षा- 2019-20

**विषय: हिन्दी** **कक्षा:- दसवीं**

**कुल अंक:-80** **समय-3 घंटे**

..........................................................................................................................................................

**निर्देश:**

**1.इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।**

**2.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।**

**3.यथासंभव प्रत्येक खंड का उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**

---

### खंड-क (अपठित अंश )

**1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x5=10**

भय को जीवन की सहज प्रवृत्ति माना जाता है अनुशासन,व्यवस्था,नियमादि के पालन के लिए भय की उपयोगिता है | इसलिए कहा गया है कि-'भय बिनु होत न प्रीत|' जीवन की सुरक्षा,बचाव सावधानी के लिए भी इसकी आवश्यकता है| यह एक सीमा तक सहनीय और उपयोगी भले ही हो , किन्तु बराबर डरे सहमे रहना, मूढ़ता जड़ता,संत्रास एवं आतंक से ग्रस्त रहना ठीक नहीं है| इससे भीरूता ही पैदा नहीं होती, मनोबल भी क्षीण होता है, जिससे अधीरता,व्याकुलता और अस्थिरता की मन:स्थिति पैदा होती है तथा कुकल्पनाओं का जाल-जंजाल बुनकर मनुष्य अपने चिंतन को बिगाड़ लेता है| इस प्रक्रिया से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है| इसी कारण भय को मानसिक रोग माना जता है, जो अच्छे भले विचारवंत को लड़खड़ा देता है| मनोवैज्ञानिकों के अनुसार जितने व्यक्ति बीमारी से मरते है उससे कही अधिक भय,चिंता और थोथी कल्पनाओं से मरते हैं

1- किसे जीवन की सहज प्रवृत्ति माना जाता है?

2- कुकल्पनाओं का जल-जंजाल बुनने से मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?

3- मनोवैज्ञानिकों के अनुसार बीमारी से अधिक लोग किससे मरते है?

4- उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए |

5- -'भय बिनु होत न प्रीत' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

### खण्ड - ख ( व्यावहारिक व्याकरण ) 16

**2-निर्देशानुसार उत्तर दीजिए 4**

क- सुनीता और अनीता बाज़ार जा रही है | (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

ख- जो लोग ईमानदार होते है,वे दयालु होते है | (सरल वाक्य में बदलिए )

ग- बादल आकर चले गए (संयुक्त वाक्य में बदलिए )

घ-माँ ने बच्चे को खाना खिलाया और सुला दिया ( रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए )

**3-निम्नलिखित वाक्यों में वाच्य परिवर्तन कीजिए- 4**

i-मै चलता हूँ | (भाव वाच्यमें बदलिए )

ii-लड़की द्वारा आँगन में खेला जा रहा है| (कर्तृ वाच्य बदलिए )

iii-बच्चा जोर-जोर से रोता है ? ( भाव वाच्य)

iv-“माँ ने बच्चे को दूध पिलाया ” ( इस वाक्य में कौन सा वाच्य है )

v--- “मुझसे हँसा नही गया ” (इस वाक्य में कौन सा वाच्य है)

**4-रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए- 4**

i- अभी मैं <u>कुछ</u> नहीं करूँगा |

ii-घोड़ा <u>तेज</u> दौड़ता है |

iii- <u>मै</u> विगत वर्ष उससे दिल्ली में मिला था

iv- बाजार में <u>अनेक</u> प्रकार के आम मिल रहे है |

**5-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4**

i-रौद्र रस का स्थायीभाव लिखिए

ii-वीर रस का स्थायीभाव लिखिए

iii-श्रृंगार रस का एक उदहारण लिखिए

v-हास्य रस की परिभाषा दीजिए|

## खण्ड-ग ( पाठ्य- पुस्तक एवं पूरक पाठ्य- पुस्तक ) 34

**6-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए 6**

पर यह पितृ-गाथा मै इसलिए नही गा रही की मुझे उनका गौरव-गान करना है ,बल्कि मै तो यह देखना चाहती हूँ | कि उनके व्यक्तितत्व की कौन सी खूबी और खामियां मेरे ताने-बाने में गुंथी है या की अनजाने-अनचाहे किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रंथियों को जन्म दिया | मै काली हूँ | बचपन में दुबली और मरियल भी थी | गोरा रंग पिता जी की कमजोरी थी सो बचपन में मुझसे दो साल बड़ी खूब गोरी ,स्वस्थ और हसमुंख भीं सुशीला से हर बात में तुलना और उनकी प्रशंसा ने ही , क्या मेरे भीतर ऐसे गहरे हीन-भाव की ग्रंथि पैदा नही कर दी,कि नाम सम्मान और प्रतिष्ठा पाने के बावजूद आज तक मै उससे उबर नही पाई ? आज भी परिचय करवाते समय जब कोई कुछ विशेषता लगाकर मेरी

लेखनीय उपलब्धियों का जिक्र करने लगता है तो मै संकोच से सिमट नही जाती बल्कि गड़ने-गड़ने को हो आती है |

(क) -लेखिका द्वारा अपने पिता के व्यक्तित्व के विषय में लिखने का क्या उद्देश्य था ? 2

(ख) -लेखिका के हीन भावना के क्या कारण थे ? 2

(ग) पितृ-गाथा" शब्द में कौनसा समास है?समास विग्रह भी कीजिये| 2

**7- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए- 2X4=8**

(क) बालगोबिन भगत" पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियो पर प्रहार किया गया है ?

(ख) काशी में बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्लाखां एक-दुसरे के पूरक है- कथन का क्या आशय है ?

(ग) --लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भाव से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के के लिए तनिक भी उत्सुक नही है ?

(घ)आशय स्पष्ट करो-"नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है"

(ड) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

**8-निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6**

लखन कहा हसि हमरे जाना | सुनहु देव सब धनुष समाना ||
का छति लाभ जून धनु तोरें | देखा राम नयन के भोरें ||
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसु | मुनि बिनु काज करिअ क्त रोसु ||
बोले चिते परसु की ओरा| रे सठ सुनेहु सुभाउ न मोरा ||
बालकु बोलि बधौ नहि तोहि| केवल मुनि जड़ जानहि मोहि ||
बाल ब्रह्मचारीअति कोहि| बिस्व्बिदित क्षत्रियकुल द्रोही ||
भुजबल भमि भूप बिनु किन्ही | बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही ||

(क) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के क्या -क्या कारण बताए? **2**

(ख) 'बालकु बोलि बधौ नहि तोह' का क्या आशय है ? **2**

(ग) 'भुजबल भमि भूप बिनु किन्ही ' का क्या आशय है **? 2**

**9-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2X4=8**

(क) कन्यादान कविता का मूल भाव लिखिए ?

(ख) उद्धव के प्रेम से अनासक्त रहने की तुलना किस-किस से की गयी ह

(ग) कवि ने बच्चे की मुस्कान के सौन्दर्य को किन-किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है ?

(घ) संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है ?

(ड) कवि ने यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है ?

**10- निम्लिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3X2=6**

(क) गांतोक को 'मेहनतकश' बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है ?

(ख) जॉर्ज पंचम की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे ?

(ग)“माता का अंचल” पाठ में वर्णित तत्कालीन विद्यालयों के अनुशासन से वर्तमान युग के विद्यालयों के अनुशासन की तुलना करते हुए बताईए की आप किस अनुशासन व्यवस्था को अच्छा मानते है,और क्यों **?**

**खण्ड-घ (लेखन) 20**

**11.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेतो के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – 10**

**[क] कम्प्यूटर-आज की आवश्यकता-**

भूमिका * बढ़ता प्रयोग *शिक्षण में सहायक *अत्यधिक प्रयोग से हानियाँ *उपसंहार

**[ख] बढ़ती आबादी,घटते वन-**

*आबादी की दृष्टि भारत का विश्व में स्थान *प्रकृति पर प्रभाव *दूरगामी परिणाम *समस्या के समाधान हेतु सुझाव।

**(ग) विज्ञापनों का महत्त्व**

प्रस्तावना * विज्ञापन का अर्थ * सकारात्मक एवम् नकारात्मक पक्ष *उपसंहार

**12-**डाकिया द्वारा समय पर पत्र नही पहुँचाने की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के मुख्य डाकपाल को एक पत्र लिखिए ? **5**

**अथवा**

अनुशासन का महत्त्व समझाते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए |

**13**.किसी प्रसिद्द साइकिल कंपनी का एक विज्ञापन तैयार कीजिए| **5**

**अथवा**

चाय के किसी प्रचलित ब्राण्ड के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए |

**केंद्रीय विद्यालय संगठन , लखनऊ संभाग**

**प्री बोर्ड परीक्षा- 2019-20**

**विषय:-हिन्दी**

**कक्षा:-दसवी**

कुल अंक:80 समय: 3घंटा

उत्तर संकेत

**नोट- कृपया इसे केवल उत्तर संकेत मात्र ही माना जाए परीक्षक उत्तर-पुस्तिका पर अंक अपने मतानुसार प्रदान करे**

**खण्ड-क**

1- क- भय 2

ख-... चिंतन को बिगाड़ लेता है. 2

ग-......भय, .चिंता से .....2

घ- भय बिनु होत न प्रीत' 2

ड- भय के बिना कोई कार्य नहीं होता 1

खण्ड-ख

**( व्यावहारिक व्याकरण )**

2- क-सरल वाक्य 1

ख-इमानदार लोग दयालु होते है | 1

ग-बादल आये और चले गए 1

घ- संयुक्त वाक्य 1

3- i-मुझसे चला जाता है 1

ii- लड़की आँगन में खेल रही है 1

iii- बच्चे से जो-जोर रोया जाता है 1

iv- कर्तृ वाच्य 1

v- भाव वाच्य 1

4-i अनिश्चयवाचक सर्वनाम ,पुर्लिंग ,एक वचन 1

ii- रीतिवाचक क्रिया विशेषण 1

iii- मै- सर्वनाम,उत्तम पुरुष ,एक वचन,पुलिंग,मिलना क्रिया का कर्ता, 1

iv-अनिश्चय संख्यावाची विशेषण 1

5- i- क्रोध 1

ii- उत्साह 1

iii-शिक्षक अपने विवेकानुसार जांचे 1

iv-अजीव क्रियाओं या अजीव वेशभूषा से जब हृदय में हास्य भाव जागृत होता है ,उसे ही हास्य रस कहते है | 1

6-i पिता के गुण और अवगुण लेखिका के व्यक्तित्व कितने दिखाई दे रहे है |

ii-...अपने पिता द्वारा अपनी बहन से सुंदर न होने के कारण अपने पिता से अपने प्रति उपेक्षित व्यवहार तथा अपनी कमजोर व काली शरीर इत्यादि.................... 2

iii- पिता की गाथा (कहानी)- तत्पुरुष समास 1

7-क्षितिज गद्य प्रश्नोत्तर **2X4=8**

क- .विधवा विवाह , पति का पत्नी के हाथो दाह संस्कार कराना .........इत्यादि घटना

ख–काशी में हनुमान जयंती इत्यादि पर विशेष आयोजन होता है ,संगीत क्षेत्र में विस्मिल्लाह जी भाग लेते उनका काशीविश्वानाथ के प्रति आपर श्रद्धा,भक्ति, थी| वह कही भी शहनाई बजाते सबसे पहले प्याला काशी विश्वनाथ की ओर थोड़ी देर के लिए मोड देते थे |वह जीवन भर मंदिर की ड्योडी पर शहनाई बजायी,और काशी विश्वनाथ जी का उन पर सदा आशीर्वाद रहा इत्यादि.........

ग.....क्योकि जब वह रेलगाड़ी के डिब्बे में प्रवेश किया तो जरा सा ध्यान नही दिया उल्टा ऐसा दिखया की उनके आने से एकांत मे बाधा ही आ गयी हो | और खिड़की के बाहर जानकर देखना ....इत्यादि

घ- फ़ादर बुल्के के निधन पर अनगिनत व्यक्ति शोक में डूबे हुए थे |सबकी आँखे नम थी ऐसे शोक संतृप्त लोगो की गिनती करना व्यर्थ है |उनके निधन पर रोने वालो का आभाव न था |

ङ- देशभक्ति भावना के कारण

8-.क- धनुष बहुत ही पुराना एवम् जर्जर अवस्था में था | 2

(ख ) बालक समझकर तुझे अभी तक मारा नहीं है | 2

(ग ) अपनी भुजाओं के बल पर इस भूमि को कई बार राजाओं से विहीन कर दिया| 2

9-क्षितिज पद्य प्रश्नोत्तर **2X4=8**

क- स्त्री के परम्परागत रूप को बदलना , आदर्श के बंधनों से मुक्त करना , लड़की को कोमलता और कमज़ोरी का पर्याय नहीं मन जाना चाहिए |

ख- उद्धव की तुलना पुरईन के पत्ते, तेल लगी हुई गगरी ,सुई-तागा का सम्बन्ध,...इत्यादि से

ग- निम्नलिखित माध्यम से जैसे - मृतक शरीर में जान फूंकना,कमल का झोपडी में खिलना,पत्थर पिघलकर पानी बनाना,बांस व बबूल से शेफालिका के फूल झाड़ना .........

घ- कवि ने ऐसे व्यक्तियों की ओर संकेत किया है जो दूसरों के जीवन सफल बनाने में ही अपने जीवन को कुर्बान कर देते है |

(ड) क्योंकि यथार्थ से ही जीवन चलता है |हमें कल्पना की दुनियां से निकलकर यथार्थ के धरातल को अपनाना चाहिए |

10-(क ) क्योंकि वहां के लोग बहुत ही मेहनती होते है .........3

(ख ) अख़बारों ने अपना दुःख और गुस्सा ख़बरें न छापकर प्रकट किया ..

(ग ) शिक्षक अपने मतानुसार जांचे |

**खण्ड-घ**

**( लेखन )**

11- परीक्षक संकेत बिंदु को ध्यान में रखकर अपने मतानुसार मूल्यांकन करे 10

12-पत्र प्रारूप --- 2 अंक

विषय -वस्तु .....2 अंक

शुद्ध वाक्य व वर्तनी -1

13. परीक्षक अपने मतानुसार अंक दे